हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 1 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री



रासेयो के तहत कुनकुरी में छात्र संसद कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### एकलव्य प्रवेश परीक्षा के संबंध में बैठक का आयोजन



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टोरेट सभागार में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 2026-27 के लिए बैठक हुई। बैठक में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर एवं जिला स्तरीय परीक्षा नोडल अधिकारी संजय सिंह उपस्थित थे। बैठक में सभी 9 परीक्षा केन्द्रों के प्रेक्षकों, केन्द्राध्यक्षों एवं मंडल संयोजको को 1 मार्च 2026 दिन रविवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होने वाली प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, तथा परीक्षा संबंधित सम्पूर्ण कार्य शांतिपूर्वक एवं समय-सीमा में निष्पादित करने के निर्देश दिये गए। उक्त परीक्षा के लिए जिले के विकासखंड मुख्यालयों में 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 2 हजार 938 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत किए गए है।

### महिला तस्कर समेत दो को 15-15 साल की कैद

**अंबिकापुर।** नशीली दवाओं की तस्करी करने के मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने तस्कर महिला समेत दो लोगों को कड़ी सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने मामले में आरोपियों को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान गांधीनगर पुलिस ने अजिरमा बुधवारी बाजार के समीप एक महिला को झोले और पिट्ठु बैग के साथ देखा था। पुलिस को देखते ही महिला भी झोले और बैग को झाड़ियो में छिपाने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। महिला की पहचान सूरजपुर जिले के श्रीनगर खालपारा हाल मुकाम सुभाष नगर निवासी 30 वर्षीया गायत्री सिंह पति दिनेश सिंह के रूप में की थी।

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य वक्ता ने दिए जल संरक्षण के मंत्र

# जिस समाज में नदी और नारी का सम्मान नहीं वहां सभ्यता हो जाती है नष्टः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय, जशपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का भव्य समापन किया गया। 26 और 27 फरवरी को आयोजित इस गरिमामयी संगोष्ठी में देश-दुनिया के वैज्ञानिकों ने जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए गंभीर मंथन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल शोध के प्रति रुचि जागृत होगी, बल्कि वैश्विक संस्थानों ⏭ शेष पेज 2 पर




### जंगल और जल का संबंध के वैज्ञानिक तथ्य

डॉ. सिंह ने वैज्ञानिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि बड़े पेड़ों वाले जंगलों में 'वर्टिकल' (लंबवत) जल स्रोत होते हैं जो पानी को धरती के भीतर सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने बताया कि एक पीपल के पेड़ के मूल रोमों में लगभग 80 हजार लीटर पानी संचित रहता है। पारंपरिक भारतीय ज्ञान की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने पर बल दिया ताकि 'सनातन' विकास सुनिश्चित हो सके।

### जल पुरुष ने दी चेतावनी और समाधान भी बताया

सेमिनार के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि और भारत के प्रसिद्ध 'जल पुरुष' डॉ. राजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में गहरी चेतावनी और समाधान दोनों प्रस्तुत किए। सभ्यता का संकट उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस समाज में नीर (जल), नदी और नारी का सम्मान नहीं होता, वह सभ्यता नष्ट हो जाती है। चंबल का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे जल संरक्षण ने वहां के लोगों को मुख्यधारा में वापस लाया।

### बांकी नदी पर चिंता और जशपुर का भविष्य

डॉ.राजेंद्र सिंह ने जशपुर की बांकी नदी की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि नदी के उद्गम और बहाव क्षेत्र से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो जशपुर को जल्द ही भारी जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

## तेजी से हो रहा पत्थलगांव से किलकिला तक की सड़क का निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पत्थलगांव से किलकिला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सड़क मार्ग की घोषणा करने और शासन से निर्माण की स्वीकृति मिलते ही सड़क का काम तेजी से किया जा रहा है। ठेकेदार सुनील रामदास अग्रवाल के द्वारा लगातार तेजी से काम किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व में किलकिला मेला में लोगों को भीड़ को देखते हुए सड़क पर खादे गए गड्ढे पर धूल न उड़े इसलिए पानी डाला जा रहा है। जल्द ही क्षेत्र वासियों को अच्छी सड़क बन कर मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के अधिकारी लगातार सड़क कार्य की मॉनिटरिंग करते देखे जा रहे है। जिस तेज गति से प्रधानमंत्री ग्राम सडक पत्थलगांव से किलकिला सड़क का कार्य जारी है उससे ये लगता है कि जल्द ही इसकी सुविधा लोगों को मिलेगी।

## होली से पहले सीएम साय ने दी किसानों को बड़ी सौगात

**जशपुरनगर।** राज्य शासन की ओर से संचालित कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आज प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपए से अधिक की आदान सहायता राशि सीधे अंतरित की गई।

- जिले के किसानों के खातों में 245 करोड़ रुपए से अधिक राशि अंतरित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के खातों में यह राशि होली पर्व से पूर्व अंतरित कर उन्हें आर्थिक सशक्तता की सौगात दी गई है। इसके तहत जिले के 41 हजार से अधिक किसानों को 245 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रदान की गई। राज्य सरकार द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 ⏭ शेष पेज 2 पर



## गोमती साय ने ग्रामीण विकास योजनाओं को लेकर किए तीखे सवाल

**पत्थलगांव।** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान विधायक गोमती साय ने सड़कों की जर्जर हालत, भ्रष्टाचार की शिकायतों और स्व-सहायता समूहों के कामकाज पर सरकार को घेरा।

सड़कों का संधारण करोड़ों खर्च पर क्या गुणवत्ता है। विधायक गोमती साय ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के रखरखाव (मेंटेनेंस) का मुद्दा उठाया जिस पर सरकार ने बताया कि पिछले 3 वर्षों में जिले के 63 मार्गों पर संधारण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने पूछा कि क्या इन सड़कों की खराब गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है - सरकार ने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि गुणवत्ता को लेकर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए किसी जांच या कार्रवाई का प्रश्न ही नहीं उठता। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव जैसे क्षेत्रों में नवीनीकरण का कार्य तेजी से हुआ। उदाहरण के लिए, रानीबंध से मकरीबंधा (9.30 कि.मी.) मार्ग के लिए 183.50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। ग्रामीण आजीविका मिशन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विभाग ने जशपुर जिले में महिलाओं की ⏭ शेष पेज 2 पर



### विकास कार्यों की स्थिति

विधायक साय ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर भी विवरण मांगा जिसके जवाब में बताया गया कि बगीचा जनपद का हालः वर्ष 2023-24 में बगीचा जनपद में 'मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना' के तहत 96 कार्य स्वीकृत थे, जिनमें से 95 पूर्ण हो चुके हैं और 1 कार्य अभी भी अपूर्ण है,इसी अवधि में 15वें वित्त आयोग से 290 कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें से 9 कार्य अब भी लंबित हैं। विधायक गोमती साय के सवालों ने जहां एक ओर जशपुर में हो रहे विकास कार्यों की गति को रेखांकित किया, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता और शिकायतों को लेकर सरकार के 'सब ठीक है' वाले दावे पर सवालिया निशान भी खड़े किए। आगामी समय में देखना होगा कि जिन 2025-26 के कार्यों के लिए बजट स्वीकृत (जैसे पत्थलगांव से किलकिला मार्ग हेतु 712.25 लाख) है, वे समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होते हैं या नहीं।



## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर मछली नदी पुल से गिरा हाइवा, चालक गंभीर



**धौरपुर।** धौरपुर-करौली के मध्य पुराना संकरा पुल वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है तथा मामूली सी चूक होते ही वाहन पुल से नीचे पलट जा रही है। बुधवार की रात लुण्ड्रा की ओर से आ रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईएच 0125 का चालक विजय गिट्टी लोडकर रघुनाथपुर गया था गिट्टी उतार कर रात में वापस ग्राम पड़ौली लौट रहा था। इस दौरान मध्य रात्रि धौरपुर-करौली धौरपुर-लुण्ड्रा मार्ग में धौरपुर-करौली के मध्य मछली नदी पर बने संकरे पुल को पार करने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया तथा रेलिंग को तोड़ते हुए 20 फीट नीचे नदी में गिरकर पलट गया दुर्घटना में ट्रेलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक केबिन में फस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकालने की काफी देर तक कोशिशें की लेकिन सफलता नहीं मिली। रात होने के कारण जेसीबी भी उपलब्ध नहीं हो रही थी। कड़ी मशक्कत के बाद तड़के 3 बजे जेसीबी उपलब्ध हुआ तो ट्रेलर का केबिन तोड़कर चाक को बाहर निकाला गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। घायल चालक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।संकरे पुल पर तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे नदी में गिर जाते हैं। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं तथा डेढ़ साल के भीतर 2 हाइवा, एक स्कार्पियों एवं एक इनोवा अनियंत्रित होकर पुल से 20 फीट नीचे मछली नदी में गिर चुकी है।

### कोयलांचल क्षेत्र में पीलिया बीमारी से युवक की इलाज दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के जेएमक्यू निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी भागीरथी भारती के 37 वर्षीय पुत्र जितेंद्र भारती की पीलिया बीमारी की चपेट में आने से इलाज दौरान मौत हो गई है।बताया गया कि करीब दस दिनों पूर्व उन्हें



पीलिया की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था,अस्पताल से छुट्टी के बाद परिजन उन्हें घर ले आए जिसके बाद उनकी तबियत पुनः बिगड़ जाने से मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनका निधन हो गया।गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, मृतक जितेंद्र अपने पीछे दो बेटी,पत्नी मां पिता भाई सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।जितेंद्र भारती रेलवे स्टेशन स्थित शगुन श्रृंगारिका के संचालक सत्येंद्र उर्फ बाबू के ज्येष्ठ भ्राता थे।

### जी राम जी कृषक चौपाल में ग्रामीणों को दी गई योजना की जानकारी



**प्रतापपुर।** गोविंदपुर मंडल में जिला किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष के अध्यक्षता में विकसित भारत जी राम जी कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर देश के गरीब मजदूर कृषक के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी मेहनत का सीधे लाभ पहुंचाने के उद्देश्य के साथ प्रारंभ की गई है। साथ ही ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष कपिल पांडे, जिला महामंत्री लवकेश पैकरा एवं अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन पर भाजपा मंडल गोविंदपुर में किसान मोर्चा द्वारा विकसित भारत जी राम जी कृषक चौपाल लगाकर योजना ग्रामीणों को उसके फायदे के बारे में बताया गया।

## क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विवि के विकास में नहीं ले रहे रूचि

# संसाधनों की कमी से जूझ रहे एसजीजीयू में धीमी पड़ी शैक्षणिक गतिविधियों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संसाधनों के अभाव में संत गहिरा गुरू विवि में शैक्षणिक गतिविधियों की रफ्तार धीमी पड़ गई है तथा विवि प्रबंधन सिर्फ परीक्षाएं आयोजित करने एवं परिणाम घोषित करने तक सिमट गया है। स्थापना के 18 साल गुजरने के बाद भी विवि को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है।

**खास बात**

- प्रशासनिक, अकादमिक सहित सभी महत्वपूर्ण भवन अधूरे

जिस गति से अधोसंरचनाओं का विकास हो रहा है विवि को अपनी पहचान बनाने में दशकों का समय लग सकता है। उत्तर छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं को उच्च शिक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से शासन द्वारा वर्ष 2008 में सरगुजा विवि की स्थापना की गई थी तथा बाद में इसका नामकरण संत गहिरा गुरू विवि किया गया।

स्थापना के बाद विवि प्रशासनिक कार्यालय एवं शिक्षण विभागों का संचालन उधार के भवनों में होता रहा। इस बीच शासन द्वारा शहर से सटे ग्राम पंचायत भकुरा में विवि परिसर के लिए 222 एकड़ की पहाड़ी भूमि उपलब्ध कराई गई है। तब प्रशासन विवि को समतल भूमि भी उपलब्ध करा रहा था लेकिन अधिक क्षेत्रफल होने के कारण तत्कालीन अधिकारियों ने पहाड़ी भूमि को ही वरियता दी। वर्ष 2016 में शासन द्वारा उच्च शिक्षा मद से प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन, चतुर्थ श्रेणी आवास, जलागार, प्रवेश द्वार एवं बालक छात्रावास भवन निर्माण के लिए 20.22 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन मात्र 11.58 करोड़ राशि उपलब्ध कराई गई। इसी तरह रूसा मद से यूटिलिटी सेंटर, ग्रंथालय, ऑडिटोरियम, कुलपति एवं कुल सचिव आवास एवं गेस्ट हाउस निर्माण के लिए 14 करोड़ स्वीकृति प्रदान की गई तथा 11.92 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए। लोनिवि द्वारा ठेकेदारके माध्यम से निर्माण प्रारंभ कराया गया। पहुंच विहीन एवं पहाड़ी इलाका होने के कारण निर्माण में अधिक समय लगने के साथ ही लागत में भी वृद्धि हुई तथा राशि के अभाव में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन सहित अन्य महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सकता है। भकुरा परिसर में जैसे-तैसे यूटिलिटी भवन, प्रवेश द्वार, कुलपति एवं कुल सचिव आवास का निर्माण पूरा हुआ है जबकि अन्य सभी भवन अधूरे पड़े हैं। परिसर की आंतरिक सड़कों का भी निर्माण नहीं हो सका है जबकि एक दशक पूर्व मुख्य मार्ग से विवि परिसर तक निर्मित सड़क पूर्व से ही जर्जर है।





ऊपर-प्रस्तावित प्रशासनिक भवन एवं नीचे निर्माणाधीन भवन।

**चार साल से राशि का इंतजार**

भवनों का निर्माण पूरा नहीं होने से विवि की शैक्षणिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। अधूरे भवनों के निर्माण के लिए 24.35 करोड़ एवं सड़क निर्माण के लिए 26 करोड़ रूपए की जरूरत है। विवि प्रबंधन इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए लम्बे समय से शासन स्तर के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा रहा है। विवि के विकास में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की रूचि नहीं है। जनप्रतिनिधियों पर बीच-बीच में विवि के हितों की उपेक्षा करने के भी आरोप लगते रहे हैं। इस बार के बजट में विवि के अधूरे भवनों के निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन शासन द्वारा बजट में राशि का प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में निकट भविष्य में अधूरे भवनों का निर्माण पूरा होने की संभावना नहीं है।

**ऐसे हो रहा संचालन**

विवि के पुराने प्रशासनिक कार्यालय भवन स्थित कुलपति की छत भरभराकर गिरने के बाद प्रबंधन ने आनन-फानन में कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया तथा परिसर में स्थित अधूरे ऑडिटोरियम भवन में प्लास्टिक सीट का घेरावा कर अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं। इन्हीं कक्षाओं में प्रशासनिक कार्यालय के विभिन्न विभागों का संचालन किया जा रहा है। विवि द्वारा पुराने प्रशासनिक भवन में फार्मेसी विभाग का संचालन किया जा रहा है जबकि यूटीडी के अन्य विभागों को यूटिलिटी भवन में स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है।

**अनुदान राशि भी कम**

विवि के अधिकारी- कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं भत्ते के भुगतान के लिए शासन विश्वविद्यालयों को अनुदान राशि का भुगतान करता है। एसजीजीयू को शासन 2.5 करोड़ का अनुदान देता है जबकि विवि के अधिकारी-कर्मचारियों को हर साल 6.5 करोड़ रूपए का भुगतान करता है। शासन से पर्याप्त अनुदान नहीं मिलने के करण विवि परीक्षा शुल्क की राशि से वेतन भुगतान करता है तथा इसके लिए विवि की कार्यपरिषद् की स्वीकृति लेनी पड़ती है। विवि की बदहाली के पीछे क्षेत्र के जनप्रतिधियों की उच्च शिक्षा के प्रति उदासीनता को कारण माना जा रहा है।

**लगातार की जा रही पहल**

विवि के विकास के लिए लगातार पहल की जा रही है। भवनों को निर्माण पूरा नहीं होने से गतिविधियों के संचालन में समस्या हो रही है। स्थिति से उच्च कार्यालय को अवगत कराया गया है। डा. एसपी त्रिपाठी

-कुलसचिव
एसजीजीयू

## वनरक्षक को गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ा, युवकों ने पहले कराया वर्दी में डांस, फिर की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सूरजपुर जिले में पदस्थ एक वन रक्षक के साथ मारपीट और उससे डांस कराने का मामला सामने आया है। वनरक्षक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ जंगल में घूमने गया हुआ था। इस दौरान युवकों ने उसे पकड़ लिया और बेदम पिटाई की। इसके बाद मोबाइल पर गाना बजाकर डांस कराया। इस मामले में डीएफओ ने वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- घटना का वीडियो किया वायरल, सूरजपुर डीएफओ ने जारी किया नोटिस

बताया जा रहा है कि सूरजपुर वन परिक्षेत्र के देवनगर परिसर में पदस्थ वन रक्षक सुखदेव 23 फरवरी को अपनी गर्ल फ्रेंड के साथ नर्सरी में पहुंचा हुआ था। इस दौरान कुछ युवक वहां आ गए और दोनों को साथ देख लिया। युवकों ने पहले मोबाइल फोन पर गाना बजाकर वनरक्षक को डांस करने को कहा। ठीक से डांस नहीं करने पर युवकों ने फॉरेस्ट गार्ड को फटकारा। जब डांस से मन भर गया तो उन्होंने गर्लफ्रेंड के सामने ही सुखदेव की डंडे और बेल्ट से पिटाई कर दी और पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया। घटना के समय फॉरेस्ट गार्ड यूनिफॉर्म में था। मारपीट के दौरान फॉरेस्ट गार्ड ने मारपीट कर रहे युवकों के साथ मौजूद एक युवक को पहचान लिया। वीडियो में वह उसे 'राजू भैया' कहकर बचाने की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है। मारपीट के बाद युवकों ने फॉरेस्ट गार्ड को वहां से भगा दिया और उसकी गर्लफ्रेंड को घर भेज दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी युवकों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है युवती देवनगर क्षेत्र की रहने वाली है। मारपीट में शामिल कुछ युवक उसके रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इस पूरे घटना क्रम की शिकायत पुलिस में अब तक नहीं की गई है। इधर वीडियो वायरल होने के बाद डीएफओ ने वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वन रक्षक ने घटना की शिकायत नहीं की और विभाग को भी इसकी जानकारी नहीं दी। डीएफओ ने नोटिस का जवाब नहीं देने पर एकतरफा कार्रवाई करने की बात कही है।

इस सम्बन्ध में एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने बताया कि वन रक्षक ने इस मामले की शिकायत अब तक दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## केबिनेट मंत्री लक्ष्मी के प्रयासों से ग्रामीण संपर्क को मिली नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई दिशा देते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों को बड़ी सौगात मिली है,पहाड़गांव से गोपालपुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-43 तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



- 5 .10 किलोमीटर सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल भौतिक संरचना नहीं,बल्कि विकास की आधारशिला है,मजबूत और सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है,उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 5.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पुल-पुलिया सहित किया जाएगा, यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लिए मुख्य संपर्क सड़क के रूप में विकसित होगा,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय और राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधा व सुगम जुड़ाव सुनिश्चित होगा,सड़क निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा,किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी,मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# अस्पताल में 45 मिनट तक बैठे रहे जेडी हेल्थ लेकिन नहीं पहुंचे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि रात के समय चिकित्सक अस्पतालों से गायब रहते है और कहीं नर्सिंग स्टाफ तो कहीं वार्ड बॉय के भरोसे पूरा अस्पताल संचालित होता है। ऐसा ही मामला सरगुजा के सीएचसी दरिमा में सामने आया। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा पहुंचे। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सिर्फ एक नर्सिंग स्टाफ मौजूद थी। जेडी लगभग 40 से 45 मिनट तक अस्पताल में रुके लेकिन कोई डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचा। ऐसे में जेडी डॉ. अनिल शुक्ला ने नाराजगी जाहिर करने के साथ ही अनुपस्थित चिकित्सक, कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए है।

- आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दरिमा पीएचसी में लापरवाही आई सामने

बताया जा रहा है कि जिले के दरिमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगातार शिकायत मिल रही थी कि रात के समय अस्पताल में चिकित्सक मौजूद नहीं रहते है और सड़क दुर्घटना सहित अन्य गंभीर मामलों के मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शिकायत की जांच के लिए 26 फरवरी की रात 8.45 बजे संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला दरिमा सीएचसी के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। अस्पताल सिर्फ एक स्टाफ नर्स के भरोसे संचालित था जबकि यहां पर्याप्त डॉक्टर की पदस्थापना की गई है।



रात के समय जिस डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई थी वह खुद नदारद था इतना ही नहीं जेडी अस्पताल में लगभग 40 से 45 मिनट तक बैठे रहे और ड्यूटी डॉक्टर का इन्तजार किया लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंचा ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में चिकित्सकों की मनमानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। जेडी ने इस लापरवाही पर जमकर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही अस्पताल में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। अस्पताल में एएनसी पंजी व्यवस्थित नहीं मिली, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का अभाव देखा गया। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने दैनिक उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. जनेश्वर सिंह, एमडी डॉ. रवि सोनी, एमएलटी श्रीमती अगस्तिना कुजूर, स्टाफ नर्स श्रीमती सुगंति एक्का एक दिवस अनुपस्थित थे, तथा महिला पर्यवेक्षक श्रीमती एस महंत दो दिवस अनुपस्थित पाई गई। वहीं यह भी देखा गया कि ओपीडी अटेंडेंट श्रीमती ज्योति पैकरा ने अग्रिम हस्ताक्षर कर दिया था जिसपर जेडी ने उन्हें समझाइश दी कि भविष्य में ऐसा ना हो। जेडी डॉ. अनिल शुक्ल ने सभी अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जेडी डॉ.शुक्ला ने सीएमएचो सरगुजा को दिए है।

### होली पर्व पर सरगुजा जिले में 4 मार्च को नहीं बिकेगी शराब

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आगामी होली पर्व के मद्देनजर जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 04 मार्च को सरगुजा जिले की समस्त कंपोजिट देशी/कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकानें, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें, सी.एस.2 (ग-कंपोजिट अहाता), एफ.एल.1 (ख-कंपोजिट अहाता), एफ.एल.4क (व्यावसायिक क्लब), एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेंगे।

## एनएच 130 गुमगा सड़क किनारे पलटा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

टमाटर लोड पिकअप एनएच 130 गुमगा सड़क किनारे किराना एवं सब्जी दुकान पर पलट गया। दुर्घटना में जहां चालक सहित लोग बाल-बाल बचे गए वहीं दुकान में रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना पिकअप चालक को नींद की झपकी जाने से हुई।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 130 अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग गुमगा में बीती रात करीब 1 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। बिलासपुर की ओर से टमाटर लोड कर पिकअप



क्रमांक सीजी 15 डीएच 0642 आ रही थी तभी रात करीब 1 बजे चालक को नींद लगने के कारण पिकअप वाहन अनियत्रित होकर सड़क के दूसरे साइड काफी स्पीड से मोड़ दिया जिस कारण पीछे से दूसरे वाहन द्वारा टक्कर मार टक्कर दी। वाहन की टक्कर पिकअप अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे किनारे राम जायसवाल का किराना, फल एव सब्जी का दुकान ठेला को तोड़ते हुए पलट गई जिससे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। रात में ही लोग घटना स्थल पर पहुंच कर राहत बचाव किया। मौके पर माजूद लोगों के मुताबिक ठेला संचालक रात को भी अपने दुकान में सोता था लेकिन घटना के समय अपने घर में परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने चला गया था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिस समाज में नदी ...

के साथ भविष्य में काम करने के अवसर भी खुलेंगे। उन्होंने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सेमिनार के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि सालिक साय के समक्ष कॉलेज में एक 250 सीटर ऑडिटोरियम की मांग रखी। छात्राओं के उत्साह और आवश्यकता को देखते हुए मुख्य अतिथि ने इस मांग को तुरंत स्वीकार कर लिया, जिससे महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।यह सेमिनार 'हाइब्रिड मोड' ऑनलाइन और ऑफलाइन में आयोजित किया गया था, जिसमें वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस सेमिनार में विदेशी वक्ता प्रो. शिवकुमार वेंकटरमण (दक्षिण अफ्रीका), डॉ. एडिना डीकू (जर्मनी), डॉ. रविकांत चतुर्वेदी (चीन) भारतीय विशेषज्ञ पूर्व कुलपति प्रो.प्रेम प्रकाश सिंह, प्रो. लालजी सिंह, डॉ. रविन्द्र शुक्ला, डॉ. विनोद वर्मा सहित अन्य शोध पत्र कुल 33 शोध पत्र पढ़े गए और 12 विशेष व्याख्यान हुए। मुख्य अतिथि सालिक साय के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शोधार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन के लिए चंद्रकला पिपरिया, निर्मल नेताम, सादिया परवीन, आकांक्षा चंद्राकर एवं अन्नपूर्णा देवी।बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए लक्ष्मी सिंह, साक्षी मिश्रा, विनीता केरकेट्टा और गोमती राजवाड़े। आयोजन के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने भी डॉ.राजेंद्र सिंह से मुलाकात कर जशपुर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि सालिक साय ने कहा कि इस आयोजन ने जशपुर को अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाई है। सेमिनार के निष्कर्षों से न केवल शोध जगत को लाभ होगा, बल्कि स्थानीय पर्यावरण नीतियों को बनाने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नरेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो भूषण वैष्णव भी शामिल हुए कार्यक्रम का सफल संचालन डीआर राठिया एवं अनूप लकड़ा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अनुज कुमार द्विवेदी ने दिया।

### होली से पहले सीएम ...

क्विंटल धान की खरीदी 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने की प्रतिबद्धता निभाई जा रही है। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि को समायोजित करते हुए यह सहायता प्रदान की गई, जिससे किसानों को वास्तविक रूप से 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ सुनिश्चित हो सके। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। वहीं जशपुर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों को आदान सहायता राशि का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। होली त्यौहार के पहले किसानों को धान की राशि मिलने से किसान काफी उत्साहित और खुश नजर आए। साथ ही सरकार की किसान हितैषी सोच और कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। इस अवसर पर मंत्रणा कक्ष में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत जशपुर अध्यक्ष गंगाराम भगत, जनप्रतिनिधि नरेश नंदे एवं विजय प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, आज का दिन किसान भाइयों के सम्मान का दिन है। उन्होंने बताया कि, कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 25 लाख से अधिक किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की गई है, ताकि किसान होली का पर्व आर्थिक चिंता से मुक्त होकर मना सकें। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार किसानों को धान की बेहतर कीमत देने के साथ-साथ किसान क्रेडिट कार्ड, शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद पर सब्सिडी तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार जैसे उपायों के माध्यम से कृषि को मजबूत बना रही है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कृषि क्षेत्र के लिए इस वर्ष बजट में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों को बेहतर सिंचाई, संसाधन और उत्पादन के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि, सहकारिता को मजबूत करने, पशुपालन को बढ़ावा देने तथा प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए ई-ऑफिस जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने बताया कि, जिले के लगभग 41 हजार किसानों को 245 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ मिला है, यह किसानों के लिए होली का बड़ा उपहार है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने होली से पहले किसानों को एकमुश्त आदान राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे किसानों के लिए बड़ी राहत बताया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले में धान उपार्जन की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में जिले में 50 हजार 904 कृषक पंजीकृत थे। जिनमें से 41 हजार 92 किसानों ने धान का विक्रय किया। जिले में कुल 33 लाख 56 हजार 224 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया, जिसके लिए किसानों को कुल 1 हजार 40 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। आज कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिले के किसानों को 245 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान किसान जगदीश राम, बलदेव सिंह, अजय भगत, बिफे राम, फलिंदर सिंह एवं शिशिर सिंह परमार को आदान सहायता राशि के प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कृषक उन्नति योजना किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रही है।

### गोमती साय ने ग्रामीण ...

भागीदारी का बड़ा डेटा पेश किया।जिले में कुल 12,103 महिला स्व-सहायता समूह, 710 ग्राम संगठन और 32 संकुल स्तरीय संगठन कार्यरत हैं।पिछले 3 वर्षों में योजना के तहत 71.82 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए, जिसमें से 63.60 करोड़ रुपये व्यय हो चुके हैं।समूहों को कुल 41,718.80 लाख रुपये का बैंक ऋण और 1,578.60 लाख रुपये का रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराया गया है,जिले की 1,35,056 महिलाएं इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित हो रही हैं।



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

## लाइफ Style



# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

## हॉलीवुड मसाला




# वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।




# रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



# अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



# वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

## टीवी मसाला




# कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा।



पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।

# भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार



है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

# जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका



देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** *: मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** *: सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

## खबर संक्षेप



### किरण बने रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस कोषाध्यक्ष

**रायगढ़।** कांग्रेस ने जिले की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस नई टीम में युवा नेतृत्व और अनुभव का तालमेल बिठाते हुए किरण पण्डा को जिला कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। किरण पण्डा की इस नियुक्ति को लेकर सांगठनिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है। ग्रामीण अध्यक्ष नेगी ने अपनी नई टीम में संगठन के सबसे भरोसेमंद चेहरे किरण पण्डा पर दांव खेला है। ज्ञात हो कि किरण पण्डा का सांगठनिक सफर काफी प्रभावी रहा है। वे इससे पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरिया के प्रभारी और जिला कांग्रेस में महामंत्री के रूप में अपनी सक्रियता दिखा चुके हैं।

### पुलिस ने किया तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** जिले में पशु तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सलिहा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 गोवंश भैंस भैंसा को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी सलिहा उप निरीक्षक पुरेन्द्र मल्होत्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर दो वाहनों को पकड़ा। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो महिंद्रा वीरो वाहन क्रमांक सीजी 06 एचएसी 8567 स्लेटी एवं सीजी 04 क्यूएम 0269 सफेद में भैंस एवं भैंसा मवेशियों को ठूंस.ठूंस कर बिलाईगढ़ से उड़ीसा ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को रोककर जांच किया। जिसमें एक वाहन में 2 भैंस व 3 भैंसा तथा दूसरे में 2 भैंस व 3 भैंसा कुल 10 पशु क्रूरतापूर्वक भरे पाए गए। वाहन चालकों से पशु परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर देहाती नालसी दर्ज कर आरोपियों के कब्जे से 10 नग मवेशी कुल अनुमानित कीमत 17, लाख 30 हजार दोनों वाहन एवं 4 मोबाइल फोन कीमत 16 हजार 300 रुपए जब्त किए गए। जब्त संपत्ति की कीमत 17 लाख 46 हजार 300 रुपए आंकी गई है।

### बिसरा से श्याम मंदिर तक निकली निशान यात्रा

**राउरकेला।** पवित्र फाल्गुन ग्यारस के अवसर पर बिसरा से श्याम प्रेमियों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु गाजे.बाजे और जयकारों के साथ पदयात्रा करते हुए राउरकेला के बिरसा डाहर स्थित श्री श्याम मंदिर बिरसा डाहर पहुंचे। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय श्री श्याम के जयघोष से गूंजता रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान ध्वज लेकर भक्ति भाव से यात्रा में भाग लिया। मंदिर पहुंचकर विधि.विधान के साथ निशान अर्पित किया गया तथा सुख.समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

### 140 टन कबाड़ पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**रायगढ़।** पुलिस ने अवैध स्क्रैप परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा से कबाड़ लोड कर पूंजीपथरा की ओर जा रहे 9 वाहनों को पकड़कर करीब 140 टन अवैध स्क्रैप जब्त किया है। जप्त स्क्रैप की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए तथा वाहनों सहित कुल जप्त संपत्ति का मूल्य करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से ट्रकए माजदा और पिकअप वाहनों में अवैध स्क्रैप लोहा, टीन, झड़ टुकड़े एवं मोटर पाट्र्सद्ध लोड कर रायगढ़ जिले के गेरवानी और पूंजीपथरा क्षेत्र में लाया जा रहा है। जूटमिल पुलिस ने गढ़उमरिया उड़ीसा मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर तीन ट्रकों में लोड लगभग 85 टन स्क्रैप पकड़ाए वहीं कोतवाली और साइबर थाना पुलिस ने उर्दना के पास नाकेबंदी कर 6 अन्य वाहनों को पकड़ाए जिनमें लगभग 54 टन स्क्रैप लोड पाया गया। पकड़े गए वाहन चालकों से स्क्रैप परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

## आयोजन से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है

# रासेयो के तहत कुनकुरी में छात्र संसद कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में छात्र संसद कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी द्वारा लोयोला महाविद्यालय, कुनकुरी के मंच पर संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर सालिक साय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सालिक साय ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के विष्णुदेव साय के सुशासन की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही विकसित भारत 2047 की असली नींव हैं। विशिष्ट अतिथि अमन शर्मा एवं श्रीनायक मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आयोजित छात्र संसद कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर प्राचार्य फादर डॉ.टेलेसफोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ. धर्म किशोर लकड़ा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. इग्नस किंडो एवं प्राचार्य प्रो.विनायक साय की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण प्रो.डॉ. दीनानाथ, प्रो. डॉ. किशोर मिंज, प्रो. डॉ. विश्वकर्मा, प्रो. डॉ.आरपी. धुर्वे, प्रो. कंचन केरकेट्टा, प्रो. डॉ. डीडी. प्रसाद, प्रो. आल्मा ग्रेस तिर्की, प्रो. कुमुदिनी एक्का, प्रो. डॉ. अनुज एक्का एवं प्रो. साजिद खान सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भूषण वैष्णव की भी उपस्थिति रही।

# ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने लगातार किए जा रहे कार्य



**जशपुरनगर।** अंकिरा विकासखंड फरसाबहार में ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गांव-गांव तक सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

इसी क्रम में विकास खंड फरसाबहार के दक्षिणी क्षेत्र अंतर्गत महुवाडीह से कोसाबाड़ी तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। यह मार्ग लंबे समय से कच्चा था, जिसके कारण बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती थी। ग्रामीणों को पैदल चलने में भी कठिनाई होती थी, वहीं दुपहिया और चारपहिया वाहन अक्सर फंस जाते थे। गर्मी के मौसम में उड़ती धूल से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी होती थीं। अब इस सड़क के बन जाने से महुआडीह, गंझियाडीह, जामटोली सहित दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी, गर्भवती महिलाओं और मरीजों को अस्पताल ले जाने में अब देरी नहीं होगी। आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस की पहुंच पहले जहां कठिन थी, अब वह सुगम हो गई है। यह सड़क स्टेट हाईवे से जुड़ने के कारण क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगी। किसान अब अपनी उपज, विशेषकर धान और अन्य फसलों को मंडी तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। पहले जहां परिवहन में अधिक समय और खर्च लगता था, अब वह काफी कम हो जाएगा।

व्यापारियों के लिए भी गांव तक पहुंच आसान हो गई है, जिससे स्थानीय बाजार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि, वर्षों की मांग के बाद यह सड़क बनी है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि ग्रामीण अंचल शहरों की तरह सुविधा संपन्न बन सकें।

# नाबालिग से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार, एक फरार

**जशपुरनगर।** थाना बागबहार क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं मामले का एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश तेज कर दी गई है।

यह घटना 16 फरवरी 2026 की रात की है, जब पीड़िता एक ग्राम में आयोजित नाटक कार्यक्रम देखकर पैदल अपने घर लौट रही थी। रास्ते में दो युवकों ने उसे घर छोड़ने का झांसा देकर मोटरसाइकिल पर बैठाया और जंगल की ओर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी उसे अचेत अवस्था में छोड़कर फरार हो गए थे। परिजन देर रात तक घर नहीं लौटने पर उसकी तलाश में जुटे थे। अगले दिन बिजली सब स्टेशन के पास सड़क किनारे वह अचेत अवस्था में मिली। ग्रामीणों की मदद





पकड़े गए आरोपी।

से उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएचसी पत्थलगांव रेफर किया गया। इलाज के दौरान पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। मेडिकल रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 138, 70(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। मामला बागबहार थाना क्षेत्र का होने से विवेचना वहीं स्थानांतरित की गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक पल्सर मोटरसाइकिल को चिन्हित किया। उसके आधार पर सत्यप्रकाश यादव उम्र 28 वर्ष को पत्थलगांव क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गुमराह करने की कोशिश के बाद आरोपी टूट गया और अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई और 25 फरवरी को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

सत्यप्रकाश की निशानदेही पर दूसरे आरोपी पीताम्बर लहरे उम्र 30 वर्ष को भी चिन्हित कर 28 फरवरी को सीतापुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने भी अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे भी न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, घटना में एक और आरोपी शामिल था, जिसे चिन्हित कर लिया गया है। उसकी तलाश जारी है और शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

### बालिका विद्यालय का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले के सुदूर, दुर्गम और आदिवासी बहुल विकासखंड लैलूंगा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान कलेक्टर को लैलूंगा के झगरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका ने भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेसिंग तथा परिसर में जर्जर भवन की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने तत्काल सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि हॉस्टल एवं स्कूल भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेसिंग और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने कहा गया। साथ ही परिसर में स्थित जर्जर भवन को प्राथमिकता से डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कुंजारा में प्रस्तावित बीएससी नर्सिंग कॉलेज के संचालन के लिए चिन्हित वैकल्पिक भवन और छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर आदिवासी छात्राओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी।

# विज्ञान का संतुलित उपयोग मानव प्रगति को सुरक्षित बनाता है: सिंह

**जशपुरनगर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के मार्गदर्शन में विकासखंड मनोरा के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन से विज्ञान के भय को दूर कर विज्ञान के प्रति जुड़ाव बनाना था। इस अवसर पर माध्यमिक शाला डूमरटोली में डॉक्टर प्रेम प्रकाश सिंह पूर्व कुलपति संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा का आकस्मिक आगमन हुआ इनके साथ प्रोफेसर प्रशांत सिंह एवं प्रोफेसर अनूप लकड़ा भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्रोफेसर पी पी सिंह वहां उपस्थित विद्यार्थियों शिक्षकों जनप्रतिनिधियों अभिभावकों को सी वी रमन के व्यक्तित्व की जानकारी प्रदान किए अपने उद्बोधन में इन्होने कहा विज्ञान का संतुलित उपयोग से मानव प्रगति या विकास को सुरक्षित बना सकता है विज्ञान का प्रयोग प्रकृति के नियमों के साथ सामंजस्य में किया जाए तो मानव और पर्यावरण दोनों का विकास संभव है।

### क्विज का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में संकुल केंद्र डूमरटोली में संकुल स्तरीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्रों का क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया था कार्यक्रम का उद्घाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डुमरटोली सरपंच श्रीमती मालती कुजूर बुमतेल उप सरपंच आकाश बड़ाइक मुख्य अतिथि पिताम्बर सिंह शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष मधुमति प्रजापती एवं फ्लोरेंसिया बाई पंच बेलटोली व जागृति महिला स्व सहायता समूह बेलटोली अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नीलाभ्र सर उपस्थित थे। क्विज का संचालन शिक्षक रजनी बिंजवार मंत्री बाई बसंती बाई एवं संजीव यादव के द्वारा किया गया कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में श्री किरण राम महारथी खैटूराम महतो सरिता मैडम सुकांत आदिले एवं अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

### प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रम

माध्यमिक शाला सोगडा में प्रधान पाठक राजेंद्र यादव एवं विज्ञान शिक्षिका मीरा अग्रवाल के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान के मॉडल बनाए गए थे बीआरसीसी मनोरा आशुतोष शर्मा ने बच्चों को बेहतरीन मॉडल बनानें के लिए बधाई देकर सराहना किए। माध्यमिक शाला टेम्पू में विज्ञान शिक्षक ओ पी चौधरी व अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता चित्रकला प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किये गये व संस्था प्रमुख के द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया।

### सूचा संकुल हुआ गौरवान्वित

प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक ने बताया की इतने बड़े व्यक्तित्व का हमारे कार्यक्रम में उपस्थित होना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है हमारा पूरा संकुल आज गौरवान्वित अनुभव कर रहा है।
बॉक्सबॉक्स

हरिभूमि

**पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

# होली और ईद-उल-फितर को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया। अपर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को त्योहारों के दौरान अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी को आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पर्यटन स्थलों, नदी-झरनों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी तथा पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त की जाएगी। नशा कर वाहन चलाने, ओवरस्पीड तथा हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हेलमेट जांच अभियान भी निरंतर संचालित किया जाएगा। साथ ही व्यवसायियों को सड़क किनारे दुकान नहीं लगाने के लिए कहा। ताकि सड़क जाम की स्थिति न बने। बैठक में नगर जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी, आम नागरिकगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सभी पर्व आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

**खास बात**

- स्वास्थ्य अधिकारी को त्योहारों के दौरान अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

### 132 केवी विद्युत सब स्टेशन को चालू करने की मांग

**सरिया।** अघोषित विद्युत कटौती और 132 के वी विघुत सब स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र में जारी अघोषित विद्युत कटौती से आमजनए किसानों और छात्रों को हो रही भारी और सुविधा को देखते हुए कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। साथ ही कांग्रेस ने मांग की है कि विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए प्रस्तावित नया 132 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में शुक्रवार सुबह 11 बजे कांग्रेस व एनएसयूआई के संयुक्त तत्वधान में सरिया क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती और सरिया में प्रस्तावित 132 केवी विद्युत सब स्टेशन निर्माण कार्य प्रारंभ करने के मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार कोमल साहू को ज्ञापन सौंपा है।

# होली से पहले धान की अंतर राशि मिलने पर किसान खुश

**जशपुरनगर।** होली पर्व से पूर्व धान की अंतर की राशि प्राप्त होने पर जशपुर विकासखंड के किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों ने कहा कि, समय पर प्राप्त यह राशि उनके परिवार एवं कृषि कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। जशपुर विकासखंड के ग्राम पूतरीचौरा निवासी किसान जगदीश राम भगत ने बताया कि, वे लगभग 7 हेक्टेयर में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष उन्हें धान की अंतर की राशि के रूप में लगभग 79 हजार रुपये प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि, इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा एवं आगामी कृषि कार्यों में करेंगे। होली पर्व से पूर्व राशि प्राप्त होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार ग्राम झुनगा निवासी चंद्रनाथ राम ने बताया कि, उन्हें इस वर्ष धान की अंतर की राशि के रूप में लगभग 23 हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार से पूर्व राशि मिलने से परिवार के साथ होली उत्सव बेहतर ढंग से मनाने में सहूलियत होगी तथा खेती-किसानी के कार्यों में भी इसका उपयोग किया जाएगा। किसानों ने राज्य शासन की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।

**खास बात**

- पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद







